# मान परियोजना
# (निर्मित)

## परिचय –

मान परियोजना नर्मदा मास्टर प्लान द्वारा चिन्हित 29 वृहद परियोजनाओं में से एक है। परियोजना खलघाट–मनावर–अमझेरा मार्ग पर ग्राम जीराबाद से 2 कि.मी. तथा मनावर से 22 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। परियोजना से धार जिले की मनावर, गंधवानी तथा कुक्षी तहसील के मनावर व गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के 53 ग्रामों में 15000 हैंक्ट. क्षैत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। परियोजना की सिंचाई सुविधा से 7851 परिवार लाभान्वित होंगे जिनमें 167 परिवार अनुसूचित जाति (2ः), 6878 परिवार अनुसुचित जनजाति (87ः) तथा शेष 806 परिवार (11ः) सामान्य श्रेणी के है।

## परियोजना का प्रमुख विवरण –

परियोजना के अंतर्गत नर्मदा नदी की सहायक मान नदी पर ग्राम जीराबाद क समीप 53 मी. ऊंचाई व 643 मी. लम्बाई का कम्पोजिट ग्रेविटी बांध बनाया गया है। जिसकी स्वीकृत लागत रू. 176.75 करोड़ थी तथा रू. 246.03 करोड़ का पुनरीक्षित लागत प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है। बांध जलाशय की स्टोरेज क्षमता 145.03 मि.घनमीटर है। बांध जलाशय 11.11 वर्ग कि.मी. में फैला हुआ है, जिससे धार जिले के 17 ग्रामों की भूमि आंशिक रूप से डूब से प्रभावित हुई है। कुल 1111.30 हैक्टेयर डूब प्रभावित भूमि में से 725.50 हैक्ट.निजी भूमि, 381.407 हैक्ट. शासकीय भूमि व 4.393 हैक्ट. वन भूमि है। डूब प्रभावित 993 परिवारों को राज्य की पुनर्वास नीति के अनुसार 4 पुनर्वास स्थलों आमखेड़ा, जूनापानी, जीराबाद व कैसूर में बसाया गया है। बांध की मुख्य विशेषताऐं निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| 1. उच्चतम बांध स्तर – | 301.00 मी. |
| 2. उच्चतम जल स्तर – | 298.05 मी |
| 3. पूर्ण जलाशय स्तर – | 297.65 मी |
| 4. क्रेस्ट लेवल – | 286.10 मी |
| 5. नहर निकास द्वार का न्यूनतम जल स्तर – | 277.00 मी |
| 6. न्यूनतम उपयोगी जल स्तर – | 278.30 मी |
| 7. अनुपयोगी जल ग्रहण क्षमता – | 17.16 मि.घनमीटर |
| 8. उपयोगी जल ग्रहण क्षमता – | 126.87 मि.घनमीटर |
| 9. कुल जल ग्रहण क्षमता – | 145.03 मि. घनमीटर |
| 10. रेडियल गेट (नं.ग्साईज) – | 9 नं. (12 मी.ग 12 मी.) |
| 11.डिजाइन फ्लड – | 10254 क्यूमेक्स |

परियोजना के दोनों तटो से नहर प्रणाली द्वारा निम्नानुसार सिंचाई प्रस्तावित है। :—

| नहर का नाम | लम्बाई | | | सिंचाई | |
|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य नहर (कि.मी.) | वितरण नहर (कि.मी.) | माईनर सब माईनर (कि.मी.) | लाभांन्वित ग्राम (संख्या) | क्षैत्र (हैक्ट.) |
| दांयी तट नहर | 16.27 | 25.29 | 68.17 | 34 | 10566 |
| बांयी तट नहर | 10.92 | 26.75 | 35.23 | 9 | 4434 |
| **कुल —** | **27.19** | **52.04** | **103.40** | **53** | **15000** |

**वर्तमान स्थिति :—**

मुख्य बांध का रेडियल गेट सहित निर्माण पूर्ण हो चुका है । दांयी एवं बांयी तट नहर प्रणाली का निर्माण पूर्ण हो चुका है एवं पूर्ण निर्मित सिंचाई क्षमता 15000 हे. में सिंचाई की जा रही है ।